तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, रविवार 23 मार्च 2025

14 भारत माता वाहिनी ने शराब के खिलाफ ...



14 शिवपुराण कथा रुद्राक्ष, भस्म, लिंग पूजा और बेलपत्र ...





## खबर संक्षेप

### खेत से सोलर पंप चोरी

**महासमुंद।** ग्राम रूढ़ा के एक खेत से सोलर पंप की चोरी के मामले में सिंघोड़ा थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी क्षितिपति पटेल पिता रघुनाथ पटेल (65 साल) रूढ़ा ने बताया कि उसने खेत में 5 एचपी का सोलर पंप क्रेडा विभाग के माध्यम से सब्सिडी में लगाया था, जिसे 21 मार्च को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। पुलिस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी है।

### बाइक की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** ग्राम किसड़ी में 21 जनवरी को हुए एक्सीडेंट के मामले की रिपोर्ट सिंघोड़ा थाने में कराई गई है। पुलिस को ग्राम मोहदा निवासी बाबूलाल साहू ने बताया कि 21 जनवरी की दोपहर 1 से 2 बजे के मध्य ग्राम किसड़ी में एक मोटरसायकल वाहन चालक शिव कुमार बरिहा पिता नित्या बरिहा निवासी ग्राम कोटद्वारी ने 3 सवारी बिठाकर तेज गति से वाहन चलाते हुये नरेंद्र साहू पिता बाबूलाल साहू ग्राम किसड़ी का एक्सीडेंट कर दिया। पीछे से टक्कर मारनें से नरेंद्र साहू गिर गया, जिसे गंभीर हालत में सरायपाली के निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया, यहां से उसे रायपुर रेफर किया गया है। नरेंद्र गंभीर चोट आने के चलते 23 जनवरी से आज तक कोमा की स्थिति में है। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 281, 125(ए) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### मारपीट के मामले में पांच के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** होली के दिन हुए विवाद के दौरान दो लोगों से मारपीट करने वाले पांच आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। मामला बागबाहरा थाना क्षेत्र के ग्राम बोकरामुड़ा कला का है पुलिस ने बताया कि पुरूषोत्तम ध्रुव पिता शंकर लाल ध्रुव ग्राम बोकरामुडा कला 14 मार्च की सुबह लगभग 8.30 बजे मड़ियापारा के दोस्त रमेश्वर मांझी के पास होली खेलने गया था, उसके घर से बाहर निकलते ही निरंजन दुकान के पास आरोपी दुलार सबर, अरूण सबर, ईशु सबर, एवन सेन और वेद प्रकाश ध्रुव उसके साथ मारपीट करने लगे। वहीं इसके पहले सुबह लगभग 8 बजे होली खेलते समय आरोपियों ने उसके कपड़े को फाड़े थे, तब प्रार्थी ने भी उन लोगों के कपड़े फाड़ दिए। इसके बाद 8.30 बजे आरोपी प्रार्थी के साथ मड़यिापारा में मारपीट किये। जब गांव के एवन कुमार ध्रुव ने बीचबचाव किया तो उसके साथ भी मारपीट की गई।

### च्वाइस सेंटर में चोरी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार



**महासमुंद।** च्वाईस सेंटर में चोरी करने वाले दो आरोपियों को बसना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने च्वाइस सेंटर से 40 हजार रुपए की चोरी की थी। पुलिस ने घटना को लेकर बताया कि प्रार्थी कृष्णा साहू ग्राम खल्लारी महासमुंद ने चौकी भंवरपुर रिपोर्ट लिखाई थी कि 28 फरवरी को उसने च्वाईस सेंटर के गल्ले में 40 हजार रुपए नगद रखकर चाबी से लॉक करके उसके नीचे रख दिया। दूसरे दिन 1 मार्च को देखा तो गल्ले में रखे पैसे नहीं थे। सीसीटीवी कैमरे को चेक करने पर रात्रि 2.47 बजे अज्ञात आरोपी द्वारा खिड़की की ओर से अंदर घुसकर च्वाईस सेंटर के गल्ले में रखे 40000 रुपए को ले गया है। विवेचना के दौरान पुलिस की टीम के द्वारा चोरी के संबंध में 2 संदिग्ध व्यक्ति हरिलाल बाघ पिता संतु लाल बाघ निवासी ग्राम सलखंड तथा राकेश सिदार पिता जनक राम सिदार ग्राम सलखंड से पूछताछ की गई, इस दौरान उन्होंने चोरी करना स्वीकार किया।

# राजसात वाहनों की नीलामी से 17 लाख से अधिक राजस्व की प्राप्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला के विभिन्न पुलिस थाना एवं चौकी में आबकारी एक्ट एवं एनडीपीएस मामलों में जब्त वाहनों के बारे में न्यायालय द्वारा शासन के पक्ष में राजसात करते हुए आदेशित किया गया था। इसके पश्चात विभाग द्वारा पुलिस ग्राउण्ड में शनिवार को 96 वाहनों की खुली बोली से नीलामी की गई, जिसमें 350 बोलीदारों ने भाग लिया। इस नीलामी से शासन को कुल 17 लाख 99 हजार 100 रूपये की राजस्व प्राप्ति हुई। उक्त राजसात किए गए सभी वाहनों को आम लोगों के देखने के लिए रक्षित केन्द्र बलौदाबाजार परिसर में रखा गया था।

■ नीलामी में 350 लोगों ने बोली लगाई

### 96 वाहनों के लिए खुली बोली लगाई गई

नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने आमजनों के लिए दो पहिया वाहन हेतु 2 हजार एवं चारपहिया वाहन हेतु 5 हजार का डिमांड ड्राफ्ट की अनिवार्यता रखा गया था। शनिवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जिला परिवहन अधिकारी, तहसीलदार, रक्षित निरीक्षक एवं एमटीओ रक्षित केंद्र की 5 सदस्यीय कमेटी का गठन कर नीलामी प्रक्रिया पूरी की गई। नीलामी में बारी–बारी से 96 वाहनों के लिए खुली बोली लगाई गई। नीलामी में सबसे बड़ी बोली के रूप में हीरो एक्सट्रीम मोटरसाइकिल 70,500 की बोली लगाकर तथा एसपी साइन मोटरसाइकिल की 69 हजार रूपये की बोली लगाई गई। नीलामी प्रक्रिया प्रातः 11 से दोपहर 3 बजे तक चली। नीलामी प्रक्रिया पश्चात मौके पर ही वाहनों का समस्त कागजी कार्यवाही पूर्ण की की गई।



### सघन चेंकिंग : जिले के 9 प्रमुख स्थानों पर की नाकेबंदी

# जिले में पुलिस ने रात्रि में नाकाबंदी कर चलाया चेकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला पुलिस ने शुक्रवार की रात्रि 2 से 6 तक जिले में प्रवेश करने वाले 9 महत्वपूर्ण स्थानों में नाकाबंदी कर सघन चेकिंग अभियान चलाया। नाकाबंदी के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों, अवैध रूप से शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले लोगों एवं अवैध वस्तुओं की तस्करी करने वाले लोगों की धरपकड़ हेतु चेकिंग की गई। इस दौरान जिले के खरतोरा नाका, चिखली पुल गिधपुरी, शिवरीनारायण महानदी पुल, ग्राम कुरकुटी बेरियर बया, अमलडीहा पुल करहीबाजार, सेमरिया घाट भाटापारा, बेमेतरा रोड छोटा पुल सिमगा, ग्राम मोहरा एवं लिमतरा में नाकाबंदी पॉइंट लगाया गया। इन सभी नाकाबंदी पॉइंट में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल द्वारा नाकाबंदी के दौरान आने जाने वाले समस्त वाहनों, लोगों की सघन चेकिंग की गई तथा उनसे रात्रि में बाहर निकलने कारण एवं रात में यात्रा आदि करने के प्रयोजन के संबंध में जानकारी ली। नाकाबंदी कर चेकिंग अभियान में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 39 व्यक्तियों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही किया गया है।





### संदिग्ध प्रवृत्ति के लोगों की पूछ परख करने में जुटी पुलिस



**सिमगा।** संदिग्ध प्रवृत्ति के लोगों एवं अवैध एवं अनाधिकृत प्रवासियों की पहचान एवं धरपकड़ के लिए सिमगा पुलिस विशेष चेकिंग अभियान चला रही है। इसके तहत पुलिस पेट्रोलिंग टीमों द्वारा बाहरी कर्मचारी, फेरी वाले, रोड किनारे जड़ी बूटी दुकान लगाने वाले, डेरा वाले, रूई गद्दा की दुकान एवं बाहर से आए मुसाफिरों आदि लोगों से विस्तृत पूछताछ कर उनसे पहचान पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्राप्त किया जा रहा है। साथ ही इस दौरान अनिवार्य रूप से उनके फिंगरप्रिंट भी लिए जा रहे हैं। उक्त के संबंध में गत दिनों पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभाकक्ष बलौदाबाजार में जिले के समस्त थाना चौकी में पेट्रोलिंग ड्यूटी में कार्यरत समस्त प्रधान आरक्षक व आरक्षकों की बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें उपस्थित समस्त पुलिस स्टाफ को क्षेत्र अंतर्गत घूमने वाले ऐसे समस्त लोगों की पहचान करते हुए उनसे दस्तावेज प्राप्त कर, अनिवार्य रूप से उनके फिंगरप्रिंट लेने हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देशों के तारतम्य में सिमगा थाना व चौकी में पेट्रोलिंग कार्य में लगे पुलिस स्टाफ को पृथक-पृथक टास्क दिया गया है। इसके तहत फेरी वाले, ढाबा में काम करने वाले, रोड किनारे जड़ी बूटी आदि दुकान लगाने वाले, डेरा वाले, रूई गद्दा वाले, बाहर से आए मुसाफिर, टायर ट्यूब आदि की दुकान में काम करने वाले एवं ट्रांसपोर्टर में हेल्पर का कार्य करने वाले व्यक्तियों के संबंध में जांच तस्दीक कर फिंगरप्रिंट लिया जा रहा है। साथ ही लिए गए फिंगरप्रिंट को एन ए एफ आई एस में भी अपलोड किया जा रहा है।

■ मुसाफिरों से पहचान पत्र के साथ फिंगरप्रिंट भी लिए जा रहे

# जल संरक्षण के लिए पंचायतों में हुआ जागरुकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

विश्व जल दिवस के अवसर पर शनिवार को राष्ट्रीय जल मिशन अंतर्गत जल शक्ति अभियान के तहत जल संरक्षण एवं जल की बर्बादी को रोकने के लिए जिले के ग्राम पंचायतों में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जल शपथ कार्यक्रम में सरपंच पंच, स्व सहायता समूह की महिलाएं एवं ग्रामीणों द्वारा शपथ ली गई। कार्यक्रम में संगोष्ठी एवं सामुदायिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें जल संरक्षण के महत्व को बताया गया।

इसके साथ ही जल शक्ति अभियान के उद्देश्य जल संरक्षण को बढ़ावा देना, जल की बर्बादी को रोकने प्रेरित किया गया।

### जल संरक्षण के लिए जनप्रतिनिधियों ने दिलायी शपथ

**बलौदाबाजार।** विश्व जल संरक्षण दिवस पर ग्राम पंचायत सकरी के तेली डबरी तालाब में सरपंच हरिश फेकर एवं पंचों द्वारा जल को संरक्षित करने की शपथ दिलायी। इस अवसर पर सरपंच फेकर ने कहा कि हम सभी को पानी की बचत करना चाहिए। क्योंकि मनुष्य भोजन के बिना रह सकता है, किंतु बिना पानी के जीवन संभव नहीं है। उन्होंने ग्रामवासियों से जल को संरक्षित करने की अपील भी की है। कार्यक्रम में सभी वार्डों के पंचों सहित गांव के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे।



# दुकान में लगी आग से जलकर दुकानदार की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गातापार में किराना दुकान व्यवसायी 32 वर्षीय युवक नरेंद्र घृतलहरे की जलने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक मृतक नरेंद्र अपने घर में ही किराना दुकान चलाता था और परिवार से अलग रहता था। परिजनों के अनुसार मृतक की पत्नी और बच्चे कुछ सालों से अलग-अलग है जिससे वह तनाव में रहते था। दोपहर के वक्त जब हादसा हुआ तब मृतक अपनी दुकान के अंदर ही था और दो शटर की दुकान अंदर से बंद थी, जिसे पड़ोसियों ने दुकान के अंदर से ▶▶ शेष पेज 13 पर

# कांग्रेस ने सुमित्र घृतलहरे को बनाया जिलाध्यक्ष



**बलौदाबाजार।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश के 11 जिलो में नये लोगों को जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। इसमें बलौदाबाजार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुमित्र घृतलहरे को नियुक्त किया गया है। अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा है कि पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा ▶▶ शेष पेज 13 पर

# आरटीई के तहत पहले चरण में प्रवेश पाने केवल 10 दिन का समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शिक्षा के अधिकार के तहत प्रवेश पाने के लिए छात्र और उनके परिजन पखवाड़े भर तक भटकते रहे। तकनीकी खामियों का हवाला देते हुए आरटीई का पोर्टल माह के 17 दिन बीत जाने के बाद खुला। अब प्रवेश पाने के लिए जिले भर के आवेदनकों के लिए केवल 10 दिन का समय शेष है।

जिसके चलते पालक अपने बच्चों को निजी स्कूलों में दाखिला दिला पाएंगे। बता दें कि पहले चरण के आवेदन के लिए 10 दिन का समय शेष है।

1 से 17 मार्च तक पोर्टल में आई तकनीकी खामियों की वजह से पालक अपने बच्चों का आवेदन नहीं कर पा रहे थे। पोर्टल खुलने के बाद राहत मिली है। शिक्षा विभाग ने समय सारिणी में कोई परिवर्तन नहीं किया है। च्वाइस सेंटर के माध्यम से ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन किया जा सकेगा।

### दो चरणों में चलेगी प्रक्रिया

आरटीई के तहत दाखिला दिलाने की प्रक्रिया दो चरणों में होगी। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष प्रक्रिया जुलाई माह में ही पूर्ण हो जाएगी। पिछले वर्ष प्रवेश की प्रक्रिया अगस्त तक चली थी। एडमिशन भी पहले हो जाएगा। इससे प्रवेश लेने वाले छात्रों की पढ़ाई पर कोई असर नहीं पढ़ेगा। पूर्व में एडमिशन प्रक्रिया में देरी होने से नए एडमिशन लेने वाले छात्र पढ़ाई में पिछड़ जाते थे।

### नियमितीकरण की मांग पर डटा सचिव संघ, 29 विभागों की लगभग 200 योजनाएं ठप

# अल्टीमेटम आदेश को सचिव संघ ने जलाकर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

शासकीयकरण की मांग पूरी कराने पंचायत सचिव बेमुद्दत हड़ताल पर हैं। दूसरी तरफ ग्राम पंचायत सचिवों के विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई का निर्देश पंचायत संचालनालय, रायपुर की संचालक प्रियंका ऋषि महोबिया ने समस्त जिला पंचायत सीईओ को पत्र जारी कर दिया है, लेकिन अब शासन द्वारा जारी आदेश को जलाकर सचिव संघ विरोध जता रहे हैं। दरअसल आज जनपद पंचायत कसडोल अन्तर्गत सचिव संघ द्वारा मोदी की गारंटी के तहत शासकीयकरण करने भाजपा सरकार से मांग कर रही है, लेकिन शासकीयकरण नहीं करने पर सचिव संघ अनिश्चितकालीन



हड़ताल पर है और आज शासन के आदेश को जलाकर विरोध जता रहे हैं, साथ ही आगामी 1 अप्रैल को मंत्रालय का घेराव करने की धमकी दे रहे हैं, लेकिन सरकार सचिवों की मांगों पर अमल करते नजर नहीं आ रहा है। विदित हो कि कसडोल जनपद पंचायत ब्लाक सचिव संघ के अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने कहा कि सरकार द्वारा मोदी की गारंटी के तहत सचिवों को शासकीय करण करने की बात विधानसभा चुनाव के दौरान कही गई थी, लेकिन अभी तक अमल नहीं हुआ। सरकार द्वारा सचिवों को डराने के लिए 24 घंटे के भीतर कार्य मे वापिसी होने का आदेश जारी किया है। इधर सचिव शरद देवांगन ने बताया की ज़ब तक हमारी मांगों के संबंध में शासन द्वारा कोई ठोस निर्णय नहीं लेती ज़ब तक सभी सचिव हड़ताल मे डटे रहेंगे, सचिवों के हड़ताल में जाने शासन की 29 विभाग की लगभग 200 योजनायों की प्रगति थम गई है।

# जपं सीईओ ने ली सरपंच और रोजगार सहायकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पन्नालाल धुर्वे ने शनिवार को सरपंच और रोजगार सहायक की बैठक ली। सीईओ ने नवनियुक्त सरपंचों को काम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत घर–घर कचरा संग्रहण के लिए प्रेरित किया और हितग्राहियों से कचरा संग्रहण शुल्क लेने के लिए सभी सरपंच को निर्देशित किया। साथ ही आवास 2.0 में सर्वे करने के लिए सर्व करता के सहयोग करने के लिए सरपंच को सहयोग करने के लिए निर्देशित किया और विभिन्न प्रकार की जानकारी दी। इसमें सभी शाखा प्रभारी मौजूद रहे। सभी शाखा प्रभारी ने अपने–अपने विभाग की जानकारी दी, जिसमें अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी एम खुजूर, चंद्राशेखर ध्रुव, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के विकासखंड



समन्वयक रजनीकांत बंजारे, कार्यक्रम अधिकारी नरेगा अंजू भोगामी, सौम्या सोनी, चंद्रशेखर ध्रुव, मनहरण लाल वर्मा, रामाधार कुवंर्शी, विकास सेन, युवराज अग्रवाल, रमेश वैष्णव, जनक यादव, पुरेंद्र वर्मा, चोवा यादव, ओमप्रकाश गेंदे एवं सभी सरपंच और रोजगार सहायक उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप


### स्वास्थ्य मंत्री से मिले चिकित्सा छात्र



**रायपुर।** सीजीडीएफ एवं जेडीए की टीम ने संयुक्त रूप से स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी से मुलाकात कर त्रिवर्षीय अवकाश के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस दौरान उन्होंने पोस्ट एमबीबीएस एवं तथा पोस्ट पीजी बांड की अवधि कम करने तथा बांड की राशि कम करने हेतु आग्रह किया गया। पीजी बांडेड डॉक्टर्स की वेतन विसंगति को दूर करने का आग्रह किया गया, जिनका वेतन पीजी (एमडी/एमएस) के छात्र से कम है। बांड खत्म करने तक संपत्ति गिरवी रखने के नियम को शिथिल करने और रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर मेडिकल कालेज में हॉस्टल की समस्या दूर करने की मांग की।

### अमर शहीद हेमू कालाणी की जयंती, संतों और महापौर को किया आमंत्रित

**रायपुर।** सामाजिक संस्था क्रांतिवीर अमर शहीद हेमू कालाणी समिति ने 23 मार्च को अमर शहीद हेमू कालाणी की 102वीं जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया है। इस संबंध में संस्था के अध्यक्ष किशोर आहूजा एवं मीडिया प्रभारी भरत पमनानी अन्य पदाधिकारियों के साथ दुर्गा माता मंदिर मढ़ी लिली चौक रायपुर के महंत सतगुरु अनंत पुरी गोस्वामी को आमंत्रित करने पहुंचे और कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया। इसके अलावा शदाणी दरबार के प्रमुख, संत डॉ. युधिष्ठिर लाल, देवपुरी गोदड़ीधाम की महंत अम्मा मीराबाई तथा महापौर व पार्षदों को भी कार्यक्रम में शामिल होने आमंत्रित किया गया है। संस्था के पदाधिकारी त्रिलोकचंद चिमनानी, प्रेम बिरनानी, अनेश बजाज, भरत बजाज, अमित वलेचा समेत अन्य कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे हुए हैं। 23 मार्च को सुबह 10.30 बजे शहीद हेमू कालाणी चौक पर कार्यक्रम शुरू होगा।



### निगम का बजट 28 को

**रायपुर।** नगर निगम रायपुर का वार्षिक बजट 28 मार्च को सामान्य सभा की बैठक में पेश किया जाएगा। निगम सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने सामान्य सभा की तारीख तय कर इस संबंध में आदेश जारी किया है। इस सामान्य सभा में महापौर मीनल चौबे पहली बार वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश करेंगी। निगम मुख्यालय के चतुर्थ तल पर सामान्य सभा सभागार में यह बैठक होगी।

### आप पार्टी के पाठक छत्तीसगढ़ के नए प्रभारी

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय पीएसी की बैठक में डॉ. संदीप पाठक को छत्तीसगढ़ का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है। डॉ. पाठक वर्तमान में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री हैं। प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा, हमारे छत्तीसगढ़ के बेटा आम आदमी पार्टी के चाणक्य के नाम से जाने जाने वाले डॉ.संदीप पाठक, राज्य सभा सांसद एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री को छत्तीसगढ़ का प्रभारी बनाया गया है।

### जहर सेवन से महिला की मौत

**धमतरी।** सिकलिन की बीमारी से परेशान महिला ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम सारंगपुरी निवासी पुष्पा बाई ध्रुव पति सुरेश 38 वर्ष सिकलिन की बीमारी से पीड़ित थी। कई जगह उपचार कराने के बाद बीमारी ठीक नहीं होने से महिला परेशान रहती थी। गुरूवार की दोपहर महिला अपनी बेटी हिमानी ध्रुव के साथ घर पर थी। इसी दौरान महिला ने घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। महिला के उल्टी करने पर बेटी को जहर सेवन करने की जानकारी हुई। हिमानी ने फोन कर उसके चाचा ढेलूराम ध्रुव को घटना के बारे में बताया। परिजन महिला को उपचार के लिए निजी वाहन से जिला अस्पताल लाए। इलाज के दौरान महिला की गुरूवार की शाम मौत हो गई।

# अरहर दाल में राहत का तड़का, तीन साल बाद कीमत लौटी 100 से 120 तक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

हरिभूमि सरोकार


अरहर दाल की कीमत अब जाकर तीन साल बाद वापस पुरानी हो गई है। 2022 में अरहर दाल की कीमत 100 से 120 रुपए थी, अब यही कीमत इस समय हो गई। चिल्हर में अच्छी क्वालिटी की दाल 120 से 130 में मिल रही है। बीते साल के अंतिम माह दिसंबर में ही अरहर दाल की कीमत चिल्हर में 180 रुपए थी। बीते साल तो इसके दाम दो सौ रुपए के पार भी गए। थोक में ही इसकी कीमत 190 रुपए तक चली गई थी। दूसरी दालों के दाम भी अब कम हो गए हैं। किसी भी दाल के दाम इस समय थोक में सौ रुपए के अंदर हैं। चिल्हर में दाम कुछ ज्यादा हैं।

अरहर दाल ही हर घर और होटलों, ढाबों, रेस्टोरेंट में ज्यादा बनती है। इस दाल की डिमांड पूरे देश में सबसे ज्यादा रहती है। अपने राज्य छत्तीसगढ़ में भी इसकी डिमांड ज्यादा है। यहां पर यह दाल महाराष्ट्र से ज्यादा आती है। वैसे लोकल दाल की भी बहुत मांग रहती है। आमतौर पर महाराष्ट्र की दाल को ज्यादा पसंद किया जाता है। इसके दाम लोकल दाल से थोड़े ज्यादा रहते हैं।

### दो सौ के पार गए दाम

अरहर दाल की कीमत तीन साल पहले 2022 में थोक में 90 से 100 रुपए और चिल्हर में 100 से 120 रुपए थी। इसके बाद इसके दाम बढ़ने प्रारंभ हुए तो 2023 में इसकी कीमत दौ सौ रुपए के पार हो गई। थोक में जहां कीमत 190 रुपए हो गई, वहीं चिल्हर में इसके दाम 210 से 220 रुपए हो गए। ऐसा ही 2015 में भी हुआ था जब फसल प्रभावित हुई थी। 2023 में भी फसल कम होने की बात की गई। इसके बाद तो इसका असर 2024 तक रहा। इस साल भी इसलके दाम दो सौ रुपए तक रहे। 2024 के अंतिम माह में कीमत थोक में 140 से 160 और चिल्हर में 160 से 180 रुपए तक रही।

### दिसंबर में ही चिल्हर में दाम 180 रुपए थे



### दाम अब पहले जैसे

अरहर दाल की कीमत थोक में ही 190 रुपए तक चली गई थी, अब नई फसल आने के बाद दाम बहुत कम होकर पहले की तरह ही थोक में 100 से 120 रुपए हो गए हैं। - **गोविंद माहेश्वरी,** थोक कारोबारी

### अन्य दालें भी सस्ती

अन्य दालें भी इस समय सस्ती हो गई हैं। चना दाल थोक में 70 से 72 और चिल्हर में 80 से 85 रुपए, उड़द दाल थोक में 100 और चिल्हर में 110 रु, मूंगदाल थोक में 100 और चिल्हर में 110 रुपए है। देशी चना थोक में 60 से 65 और चिल्हर में 70 से 75 रुपए में मिल रहा है। काबुली चना भी बहुत सस्ता हो गया है। इसके दाम भी 180 रुपए तक चले गए थे, अब यह थोक में 100 रुपए और चिल्हर में 110 रुपए में बिक रहा है।

### नए साल में जनवरी से घटने लगे दाम

इस साल जनवरी में जब इसकी नई फसल आई तो इसके बाद इसके दाम घटने प्रारंभ हुए। हालांकि शुरुआत में ज्यादा दाम कम नहीं हुए। लेकिन फिर भी राहत रही, क्योंकि जो दाल चिल्हर में 160 से 180 रुपए मिल रही थी, वह कम होकर 140 से 160 रुपए हो गई। इसके बाद लगातार दाम कम होते-होते अब मार्च में इसके दाम थोक में 100 से 120 और चिल्हर में 120 से 130 रुपए हो गए हैं। थोक मे 120 रुपए वाली दाल महाराष्ट्र की अच्छी क्वालिटी की है, यह चिल्हर में 130 में मिल रही है। इसी तरह से थोक में 100 रुपए में मिलने वाली दाल चिल्हर में 110 रुपए में मिल रही है।

## जड़ सहित शिफ्ट किए गए सभी पौधे जीवित, नई जड़ों का हुआ विकास

# तेज गर्मी से पहले रेलवे के ट्रांसप्लांट पौधों में पहुंची जान, बरगद-बेल में खिल उठे फूल और फल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

रेलवे विकास कार्यों की जद में आ रहे वर्षों पुराने पेड़ों को बचाने का रेलवे का प्रयास सफल रहा है। पांच महीने पहले रेलवे ने जड़ सहित 20 से अधिक पेड़ों को रेलवे स्टेशन के पीछे स्थित स्थान पर शिफ्ट किया था, अब इन पेड़ों की नई जड़ें विकसित हो चुकी हैं। ट्रांसप्लांट किए गए सभी पौधों में नई पत्तियों के साथ फल और फूल खिलने लगे हैं। हरे पत्तों से लदी नई शाखाएं अब इन पेड़ों की खूबसूरती को बढ़ा रही हैं।

बरगद, नीम, बेल समेत फल और छायादार पौधों की जड़ों तक एक बार फिर से नई जान पहुंच चुकी है। गर्मी की शुरुआत में इन पौधों का खिलना यह सकारात्मक संकेत है कि ये अब खत्म नहीं होंगे। आने वाले कुछ वर्षों में ये पौधे फिर से लोगों को छांव प्रदान करते नजर आएंगे। खासकर ट्रांसप्लांट किए गए बेल के पौधे में फल और बरगद में नए पत्ते उग आए हैं।



### तेजी से विकसित हो रहे पेड़

बड़े वृक्षों के ट्रांसप्लांट के बाद नई जड़ों के विकसित होने में लगभग तीन महीने से अधिक का समय लगता है। ठंड से पहले रेलवे ने 50 से 70 साल पुराने वृक्षों को जड़ों सहित दूसरी जगह शिफ्ट किया था। विशेष देखभाल और निगरानी से अब सभी पौधे फिर से जीवित हो चुके हैं। इस प्रकार, रेलवे स्टेशन के विकास के दौरान ट्रांसप्लांट किए गए सभी पौधे सुरक्षित और स्वस्थ हैं। रेलवे ने इन पौधों को ऐसी जगहों पर शिफ्ट किया है, जहां उनकी जड़ों को विकास और विस्तार होने में मदद मिल सके। यही कारण है कि ट्रांसप्लांट के बाद पौधे तेजी से विकसित होने लगे।

### 100 से अधिक पेड़ों का लक्ष्य

ट्रांसप्लांट तकनीक में सफलता मिलने के बाद रेलवे ने अब अपने लक्ष्य को और बढ़ा दिया है। अब रेलवे के विकास कार्यों की जद में आने वाले पेड़ों को बचाने का प्रयास किया जाएगा। रेलवे ने 100 से अधिक पेड़ों को इस तकनीक के माध्यम से ट्रांसप्लांट करने का लक्ष्य रखा है। इस प्रयास के तहत रेलवे गुढ़ियारी की ओर स्थित रेलवे कॉलोनी में 22 पेड़ों को शिफ्ट किया जा चुका है, जिसमें आम, नीम और पीपल जैसे छायादार पेड़ शामिल हैं। इसके अलावा, अन्य स्थानों पर भी पेड़ों के ट्रांसप्लांट का काम जारी है, और इन स्थानों पर भी सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं।

# एसटीपी रेटिंग में भाठागांव को 3 स्टार, निमोरा-कारा व चंदनीडीह को 4 स्टार मिला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

जल ही अमृत योजना 2.0 के तहत शहरों में बनाए गए एसटीपी की भारत सरकार ने थर्ड एजेंसी के माध्यम से जांच कराई है। इस जांच के आधार पर राजधानी रायपुर में अलग-अलग स्थानों पर बनाए गए 4 एसटीपी को रेंटिंग दिया गया है।

इसके तहत भाठागांव को 3 स्टार तथा ग्राम निमोरा, ग्राम कारा एवं ग्राम चंदनीडीह को 4 स्टार की रेटिंग दी गई है। भारत सरकार ने इन चारों एसटीपी सहित प्रदेश के कुल 11 एसटीपी के लिए 11.38 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि भी जारी की है।



### राज्य में 4 स्टार रेटिंग पाने वाला रायपुर पहला शहर बना

भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने जल ही अमृत 2.0 योजना के तहत सभी राज्यों द्वारा जल के कुशल पुनः उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए जल ही जीवन कार्यक्रम की शुरुआत की है। इस कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित 11 एसटीपी के लिए प्रथम किस्त के रूप में 11.38 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि जारी की है। यह राशि 20 मार्च 2025 को जारी की गई है।

### रायपुर के 4 एसटीपी के लिए 8.75 करोड़ रुपए जारी

रायपुर नगर निगम क्षेत्र में 4 एसटीपी का निर्माण किया गया है। इनमें ग्राम भाठागांव में 5.83 करोड़ की लागत से 6 एमएलडी क्षमता का तैयार किया गया है। इसी प्रकार ग्राम निमोरा में 90 एमएलडी क्षमता, ग्राम कारा में 35 एमएलडी क्षमता एवं ग्राम चंदनीडीह में 75 एमएलडी क्षमता के एसटीपी तैयार किए गए हैं। ये तीनों एसटीपी के निर्माण में 235.00 करोड़ की लागत लगी है। भारत सरकार ने चारों एसटीपी के लिए कुल 8.75 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि जारी की है। इसमें प्रथम किस्त के रूप में 6.13 करोड़ रुपए जारी किया है।

# झूठे रेप केस में फंसाने की धमकी देकर वसूली, पत्नी के बाद अब पति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

अपने पूर्व प्रेमी को रेप के झूठे केस में फंसा देने की धमकी देकर 42 लाख रुपए फिरौती वसूल करने के आरोप में देवेंद्र नगर थाने की पुलिस ने एक महिला के बाद उसके पति को शुक्रवार को रायगढ़ से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ब्लैक मेलिंग करने के आरोप में रत्नेश कौशिक उर्फ रितु को तीन माह पूर्व जनवरी में गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल किया है।

सौरभ द्विवेदी की शिकायत पर पुलिस ने रायगढ़ निवासी अनिल कौशिक को गिरफ्तार किया है। सौरभ ने पुलिस को बताया है कि सोशल मीडिया के माध्यम से रत्नेश के साथ पहचान हुई थी। इसके बाद दोनों आपस में एक दूसरे से मिलने लगे। सौरभ के अनुसार रत्नेश के परिजनों ने दोनों का विवाह करने इनकार कर दिया और रत्नेश की शादी रायगढ़ निवासी अनिल से कर दी।



■ महिला ने अपने पूर्व प्रेमी को पति से तलाक लेने पैसों की मांग कर किया ब्लैकमेलिंग

### पारिवारिक विवाद का झांसा देकर संपर्क

सौरभ ने पुलिस को बताया है कि शादी के बाद रत्नेश ने उससे फेसबुक के माध्यम से दोबारा संपर्क किया। दोबारा संपर्क होने पर रत्नेश ने अपने पति तथा ससुराल के लोगों से विवाद होने का झांसा देकर अपने पति के साथ तलाक लेने सौरभ से पैसों की मांग की। सौरभ ने पैसा देने से इनकार कर दिया। तब रत्नेश ने सौरभ को झूठे रेप केस में फंसाने का झांसा देकर 42 लाख रुपए वसूल किए। सौरभ ने रत्नेश के बारे में जानकारी जुटाई, तो उसे पता चला की रत्नेश अपने पति के साथ मिलकर उसके साथ धोखाधड़ी कर जबरन वसूली कर रही है।

## वार्ड में निर्धारित से कम भेजे जा रहे सफाई कर्मी

# दो ठेकेदारों पर 10-10 हजार रुपए जुर्माना किया, एक सुपरवाइजर को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राजधानी रायपुर के प्रत्येक वार्ड में ठेकेदार के अंडर में काम करने के लिए सफाई कर्मियों की संख्या निर्धारित है। इसके बाद भी कई वार्ड में निर्धारित संख्या के अनुसार सफाई कर्मियों को भेजा नहीं जा रहा है, जिसके कारण उस वार्ड में सफाई व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। ऐसे ही कुछ वार्ड के संबंधित जोन कमिश्नर ने दो ठेकेदारों पर 10-10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। वहीं एक सुपरवाइजर जो बिना अनुमति के तीन दिन से अनुपस्थित है, उसके खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया है।



**वार्ड नंबर 7 में सफाई व्यवस्था चरमराई मिली:** नगर निगम आयुक्त एवं अपर आयुक्त ने जोन-9 अंतर्गत कुशाभाउ ठाकरे वार्ड क्रमांक-7 में शुक्रवार को सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान वार्ड में सफाई व्यवस्था चरमराई मिली। पूछताछ की, तो पता चला कि वार्ड के प्रभारी सफाई सुपरवाइजर नरेश कुमार तीन दिन से ड्यूटी पर ही नहीं पहुंचा है। वह बिना सूचना के छुट्टी पर चला गया है।

निरीक्षण के दौरान जोन क्षेत्र में निर्धारित संख्या से कम सफाई कर्मचारी काम करते मिले। इस मामले में अधिकारियों ने जोन-9 सफाई गैंग के ठेकेदार कमलेश राजपूत पर भी 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। साथ ही नोटिस जारी कर 3 दिन के भीतर निर्धारित 15 सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाने कहा। इसके बाद भी सफाई कर्मचारी ड्यूटी पर नहीं पहुचेंगे, तो ठेकेदार का अनुबंध निरस्त कर उसका नाम काली सूची में डाले जाने की चेतावनी दी गई है।

# तालाब के पास तान दी दोमंजिला अवैध कमर्शियल बिल्डिंग, निगम ने तोड़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राजधानी रायपुर के कुशालपुर इलाके में पहाड़ी तालाब के पास एक व्यक्ति ने दो मंजिला कमर्शियल बिल्डिंग का अवैध रूप से निर्माण किया हुआ था, जिसे शुक्रवार को नगर निगम की टीम ने तोड़ने की कार्रवाई की। इसके अलावा निगम की टीम ने कुशालपुर चौक रिंग रोड से भाठागांव जाने वाले मार्ग पर अवैध रूप से बने 16 शेड, 12 पाटा-चबूतरा तथा 4 ठेले-गुमटी को भी हटाने की कार्रवाई की।

नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर जोन-5 क्षेत्र के तहत कुशालपुर पहाड़ी तालाब के पास अवैध रूप से निर्मित कमर्शियल बिल्डिंग को तोड़ने की कार्रवाई की है। निगम की टीम इस क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण एवं कब्जों को हटाने की कार्रवाई करने पहुंची थी। इसी दौरान निगम ने सबसे पहले कुशालपुर पहाड़ी तालाब के पास अवैध रूप से बनी कमर्शियल बिल्डिंग को तोड़ने की कार्रवाई की।

टीम ने इसके बाद कुशालपुर चौक रिंग रोड से भाठागांव जाने वाले मार्ग पर अवैध रूप से बनाए गए 16 शेड निर्माण को तोड़कर हटाया। इस मार्ग पर दुकानों के सामने अवैध रूप से नाली-नाले के ऊपर बनाए गए 12 पाटा-चबूतरों को भी तोड़ने की कार्रवाई की। इसके अलावा 4 ठेले-गुमटी को भी सड़क से हटाने की कार्रवाई की।



### गंदगी फैलाने पर 14 व्यापारियों से 28500 जुर्माना वसूला

निगम की टीम ने निरीक्षण के दौरान 14 दुकानों के सामने सड़क पर सामान रखने एवं गंदगी फैलाने के मामले में भी कार्रवाई करते हुए उन पर जुर्माना लगाया। इन सभी व्यापारियों से जुर्माना के रूप में कुल 28 हजार 5 सौ रुपए वसूल किया।

### रायपुरा में सब्जी मंडी की 6 अवैध दुकानें तोड़ी गईं

निगम की टीम ने रायपुरा स्थित शास्त्री बाजार सब्जी एवं फल मंडी थोक व्यापारी कल्याण सोसाइटी द्वारा तैयार किए गए व्यावसायिक काम्पलेक्स में अवैध रूप से बनाई गई 6 दुकानों को भी तोड़ने की कार्रवाई की। जोन कमिश्नर ने बताया कि अवैध निर्माण को नियमितीकरण कराने के लिए निर्माणकर्ता द्वारा जोन कार्यालय में आवेदन किया था, जिसे छत्तीसगढ़ नियमितीकरण प्राधिकरण समिति की बैठक में रखा गया था। इस बैठक में नगर तथा ग्राम निवेश के संयुक्त संचालक द्वारा नियमितीकरण अधिसूचित तारीख 19 जुलाई 2022 के बाद निर्माण कार्य होने के कारण निरस्त कर दिया। इसके बाद निगम द्वारा अवैध निर्माण को तोड़ने तीन बार सोसाइटी को नोटिस भेजा गया, जिसका पालन नहीं किया गया। इस मामले में अब कार्रवाई करते हुए इन दुकानों को तोड़ा गया।

## भाजपा की बैठक में फैसला, हर मंडल और जिले से भारी संख्या में सभा में पहुंचने के निर्देश

# मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक, महापौर से लेकर पंच, सरपंच सभी रहेंगे मोदी की सभा में

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बिल्हा विधानसभा के मोहभट्टा में 30 मार्च को होने वाली सभा में प्रदेश भाजपा संगठन ने दो लाख की भीड़ जुटाने का लक्ष्य तय किया है। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में शुक्रवार को हुई बैठक में तय किया गया, पीएम की सभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, पूरा मंत्रिमंडल, प्रदेश के सभी सांसद, विधायकों के साथ नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में जीतने वाले महापौर, सभापति, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पंच और सरपंच सभी को रहना है।

भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने कहा, प्रदेश में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में भाजपा की जीत इस बात की प्रतीक है कि हमारी पहचान कमल का निशान हैं। आज ऐतिहासिक सफलता के बाद निर्वाचित प्रतिनिधि अपनी जवाबदेही को न भूलें। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव को देते हुए श्री नवीन ने कहा, जनप्रतिनिधि के नाते जनता की बात सुनें, उनकी समस्याओं के निदान में प्रामाणिकता का परिचय दें। श्री नवीन ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ में पंचायत से लेकर संसद तक भाजपा है। श्री नवीन ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के 30 मार्च को प्रस्तावित छत्तीसगढ़ प्रवास में सबकी सहभागिता सुनिश्चित करने की बात कही।



### पंचायत से पार्लियामेंट तक भाजपा का परचम : किरण देव

प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा, लगातार सवा साल से विधानसभा चुनाव, लोकसभा चुनाव, उप चुनाव, के बाद निकाय और पंचायत चुनावों में ऐतिहासिक जीत हमारे लिए महत्वपूर्ण अवसर है। यह अभूतपूर्व विजय है। विधानसभा चुनाव में हमारा वोट प्रतिशत 46 था जो लोकसभा में बढ़कर 51 प्रतिशत हुआ और निकाय व पंचायत चुनाव में हमारा वोट प्रतिशत 56 हुआ है। श्री देव ने कहा, यह बड़ा जनादेश है। पंचायत से पार्लियामेंट तक भाजपा का परचम फहराने का लक्ष्य पूर्ण हुआ। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने प्रधानमंत्री के छत्तीसगढ़ प्रवास को भव्य और ऐतिहासिक बनाने की अपील की।

### छत्तीसगढ़ को एक आदर्श राज्य बनाना है : अरुण साव

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, चहुंओर केसरिया और भगवा फहरा रहा है। लेकिन बदली तो सिर्फ सत्ता है अब व्यवस्था को बदलने की जिम्मेदारी हमें निभाना है। व्यवस्था में परिवर्तन लाकर हम छत्तीसगढ़ को एक आदर्श राज्य बनाएं। निकाय व पंचायत चुनाव में जीत हासिल ऐतिहासिक है उस बड़ी जीत को विनम्रता से स्वीकार कर अब व्यवस्था और प्रशासनिक कार्य संस्कृति में बदलाव लाना हमारी जिम्मेदारी है। प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने पार्टी के आगामी कार्यक्रमों व कार्ययोजनाओं की रूपरेखा रखी। भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने भाजपा के बिहार दिवस कार्यक्रम की जानकारी दी।

# बंजारी माता मंडल के भागीरथी यादव, बिरगांव भाजपा मंडल से योगेश साहू बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

बंजारी माता भाजपा मंडल के भागीरथी यादव एवं बिरगांव मंडल से योगेश साहू को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति होने से क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं का इंतजार खत्म हो गया है। मंडल अध्यक्ष की घोषणा के संबंध में भाजपा के नेता एवं वार्ड क्रमांक 28 के पिंकू गुप्ता ने यह जानकारी दी।



बिरगांव निगम क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में इस नियुक्ति से हर्ष का माहौल है। दोनों ही क्षेत्र के सक्रिय भाजपा नेता हैं। दोनों अध्यक्षों का कार्यकर्ताओं से लगाव है। इनकी अगुवाई में कार्यकर्ता नए जोश और उत्साह से काम करेंगे। आगामी निकाय चुनाव में ऐतिहासिक जीत के लिए अब जमीनी स्तर पर तैयारी का दौर भी शुरू हो गया है।

निगम के 40 वार्डों में भाजपा के प्रत्याशी परचम लहराएं। इसको लेकर उन्होंने कहा कि संगठन जिस कार्यकर्ता प्रत्याशी पर मुहर लगाएगी संगठन उनके लिए दिन-रात मेहनत करके उन्हें जीत दिलाएगा।

## खबर संक्षेप



### बोर में मशीन लगाने नपाध्यक्ष ने दिए निर्देश

**महासमुंद।** नयापारा क्षेत्र वार्ड क्रमांक 6 व 7 स्थित विभिन्न बोर का निरीक्षण नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने किया। श्री साहू ने खोदकर छोड़े गए बोर में तत्काल मशीन लगाकर जल वितरण शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बोर में मशीन लगने तथा छोटे सिंटैक्स टैंक लगा दिए जाएं तो मोहल्लेवासियों को पानी की समस्या से निजात मिलेगी। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को शीघ्र कार्य शुरू करने निर्देशित किया। पश्चात देर शाम तक सभी बोर में मशीन लगाने का कार्य किया गया।

### आल इंडिया हैंडबाल के लिए आशुतोष का चयन



**महासमुंद।** पं रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी से गत 16-17 मार्च को हैंडबाल पुरुष वर्ग में भुवनेश्वर (ओड़िशा) में प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जहां रांची को 13-26 से व बस्तर को 14-18 से हराकर पं. रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी की टीम में इमलीभांठा निवासी आशुतोष साहू का चयन आल इंडिया के लिए चयन हुआ। वे शिक्षक गजेंद्र साहू, शिक्षिका सविता साहू के पुत्र हैं। 24 मार्च को यह टीम शिमला के लिए रवाना होगी।

### अग्निवीर बने मोनेश ध्रुव



**महासमुंद।** भारतीय सेना अग्निवीर भर्ती परीक्षा में वनांचल क्षेत्र सुकुलबाय (सिरपुर) निवासी मोनेश पिता टीका राम ध्रुव अग्निवीर में चयनित हुए। वे पीजी कॉलेज में बीएससी प्रथम वर्ष का छात्र है और एनसीसी में प्रवेश लेने के बाद से ही अग्निवीर की तैयारी करते हुए प्रथम प्रयास में सफलता अर्जित की है। चयन में प्रदीप चंद्राकर, पुरुषोत्तम डड़सेना, कनक राम निषाद, युवराज सिंह चंद्राकर का योगदान रहा।

### याद करो कुर्बानी काव्यांजलि आज

**महासमुंद।** स्वतंत्रता की बलिवेदी पर प्राणार्पण करने वाले क्रांतिवीरों सरदार भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु की शहादत दिवस पर साहित्य समिति आस्था के संयोजन में, काव्यांजलि - याद करो-कुर्बानी का आयोजन आज किया गया है। यह आयोजन स्थानीय त्रिमूर्ति कालोनी स्थित जीवन सदन में अपरान्ह 3.30 बजे प्रारंभ होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाज सेवी दाऊलाल चंद्राकर होंगे व सभाध्यक्षता एस चंद्रसेन करेंगी। कार्यक्रम में कविगण देशप्रेम की कविताओं का पाठ करेंगे। समिति ने इस कार्यक्रम में सभी काव्य प्रेमियों को उपस्थिति का आग्रह किया है। यह जानकारी समिति द्वारा जारी विज्ञप्ति में अध्यक्ष, आनंद तिवारी पौराणिक ने दी है ।

# एक महिला होने के नाते दूसरी महिलाओं की समस्याओं को समझना होगा : प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चलाए जा रहे शराब व्यसन मुक्ति अभियान (भारत माता वाहिनी) योजनांतर्गत गठित भारत माता वाहिनी का एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला कलेक्टर महासमुंद के आदेशानुसार तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के निर्देशानुसार एवं जनपद पंचायत के मनरेगा भवन में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में गांधी आदर्शवादी सेवा समिति के संस्थापक, संचालक दुखनाशन प्रधान एवं समाज कल्याण विभाग महासमुंद विजय सिंहा, पंचायत इंस्पेक्टर जयलाल भोई, प्रवीण साहू मंचासीन थे। प्रशिक्षण कार्यशाला में उपस्थित भारत माता वाहिनी के







पदाधिकारियों, सदस्यों को संबोधित करते हुए दुखनाशन प्रधान द्वारा कहा गया कि समाज सुधार में महिलाओं की अहम भूमिका होती है। आप लोगों ने यदि ठान लिया तो गांव में न तो कोई शराब का अवैध विक्रय कर पाएगा और न ही सेवन।

शराब सेवन से महिलाओं पर हो रहे अन्याय, अत्याचारों पर प्रकाश डालते दुखनाशन प्रधान द्वारा कहा गया आप लोगों का निश्चिंत बैठना आप लोगों के लिए बहुत ही खतरनाक साबित हो सकती है। क्योंकि, भविष्य में आप लोगों के साथ भी कोई जघन्य व अमानवीय घटना घट सकती है, जिसका प्रमुख कारण शराब सेवन हो सकता हैं। आए दिन हो रहे तलाक पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रधान द्वारा कहा अधिकतर तलाक का मुख्य कारण शराब सेवन है। आप एक महिला होने के नाते दूसरे महिलाओं की समस्याओं को समझना होगा। गांव में आप लोगों के आसपास यदि किसी माताएं, बहनों के साथ कोई शराब पीकर गलत व्यवहार करता है तो उसे रोकिए शराब पीने वाले भाइयों को समझाइए की एक महिला अपने घर संसार छोड़कर आपके भरोसे जीवन यापन कर रही है। उपस्थित भारत माता वाहिनी के पदाधिकारी सदस्यों को बताया गया गांव में कोई शराब की अवैध विक्रय या शराब सेवन कर गांव में हुड़दंग या किसी के साथ गलत व्यवहार किया जाता है तो संबंधित विभाग से संपर्क कर जानकारी देने की बात कही गई। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग महासमुंद विजय सिन्हा द्वारा विकासखंड अंतर्गत के सभी उपस्थित भोथलडीह, सिंघोड़ा, कुटेला आदी गांवों के भारत माता वाहिनी को नशामुक्त भारत अभियान का संकल्प दिलाया गया।

**आयोजन :** जनपद पंचायत बागबाहरा के प्रांगण में आयोजित किया गया कार्यक्रम

# बागबाहरा जनपद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्यों ने ली शपथ





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

जनपद पंचायत बागबाहरा में नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। इस शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव रहे। समारोह का आयोजन जनपद पंचायत बागबाहरा के प्रांगण में निर्धारित समय में दोपहर 1 बजे प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में बागबाहरा ब्लॉक के नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंच के साथ पूर्व सरपंचों एवं जनपद सदस्यों को भी आमंत्रित किया गया था। शपथ ग्रहण समारोह में सम्मिलित क्षेत्र के अधिकांश नेता ग्रामीणजन एवं शहरवासी नवीन सदस्यों के शपथ ग्रहण के साक्षी बने।

शपथ ग्रहण के पूर्व सर्वप्रथम आगंतुक अतिथियों के साथ खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर, उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार एवं वरिष्ठजनों के साथ सभी जनपद सदस्यों ने छत्तीसगढ़ महतारी की तैल चित्र पर तिलक लगाकर दीप प्रज्वलित किया। तदुपरांत मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनहरण लाल मंडावी ने अतिथियों को गुलदस्ते भेंटकर सम्मान मंच तक ले कर गए। बागबाहरा जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनहरण लाल मंडावी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर एवं उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार को पद एवं संविधान की शपथ दिलाई। इसके पश्चात पुनः सभी जनपद सदस्यों को अपनी सहभागिता निर्धारित करते हुए बारी-बारी से पद की शपथ दिलाई गई।

इस समारोह में महेंद्र चंद्राकर, भूपेंद्र ठाकुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शहर, रवि निषाद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ग्रामीण, खिलेश्वरी बघेल अध्यक नगर पालिका बागबाहरा, देवेश साहू नगर पालिका उपाध्यक्ष, फिरोज मेमन, मनोहर ठाकुर, लखबीर छाबड़ा, पुष्पेंद्र चंद्राकर, पंकज हरपाल, बड़ा खान, भक्त राम मांझी, विष्णु महानंद, शैलेश साहू, जुगराज बघेल, संतोष पटेल, सेतराम बघेल के साथ जनपद पंचायत बागबाहरा के अधिकारियों में साधारण कुर्रे चंपकलाल पटेल, पूजा पांडे एवं पूर्व सरपंचगण, एवन साहू, एडिशन ठाकुर समेत अन्य कर्यकर्ताओं मौजूद रहे।

### पूर्व अध्यक्ष स्मिता ने सौंपा नवनिर्वाचित केशव चंद्राकर को पदभार

बता दें कि बागबाहरा जनपद पंचायत में 25 जनपद सदस्य हैं। जिसमें 16 महिलाएं एवं नवपुरुष निर्वाचित हुए हैं। इस कार्यक्रम का यादगार पल रहा कि पूर्व जनपद सदस्यों को जनपद पंचायत बागबाहरा टीम द्वारा उनके 5 साल के कार्यकाल के लिए श्रीफल एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में पूर्व अध्यक्ष स्मिता चंद्राकर ने अपनी परंपरा को निभाते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर को नए पदभार सौंपते हुए हर्ष जताया। खल्लारी विधायक ने अपने उद्बोधन में इस शपथ ग्रहण समारोह की परंपरा को निभाते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं सभी जनपद सदस्यों को बधाई दी। उन्होनें क्षेत्र के विकास को सर्वोपरि बदलाते हुए एक साथ काम करने की अपील की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ग्राम पंचायत का विकास ही सही मायने में एक सफल राष्ट्र का निर्माण को सुदृढ़ करता है। आगे उद्बोधन में जनपद पंचायत में रही पूर्व अध्यक्ष स्मिता चंद्राकर ने कहा कि उनके द्वारा पिछले कार्यकाल में क्षेत्र के विकास के लिए हरसंभव प्रयास किया गया है। उन्होंने मुख्य बातें रखी कि सिकासेर जलाशय के उलट का पानी लाने का सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है। जिसके लिए वे भी हमेशा प्रयासरत रही। मंच संचालन राजेश कौशिक ने किया।

# अवकाश के दिन भी जमा होगा टैक्स, 31 मार्च अंतिम तिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- नपाध्यक्ष ने करदाताओं से की टैक्स जमा करने की अपील



नगर पालिका द्वारा राजस्व वसूली में तेजी लाने तथा नागरिकों को सुविधा प्रदान करने अब छुट्टी के दिन भी टैक्स काउंटर खुला रखने का निर्णय लिया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने नागरिकों से समय अवधि में अपनी सभी देय करों का भुगतान करने की अपील की है। उन्होंने नागरिकों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए 31 मार्च 2025 तक पड़ने वाले सभी शासकीय अवकाश के दिन भी टैक्स काउंटर खुला रखने के निर्देश दिये हैं। बता दें कि कर दाताओं को नगर पालिका प्रशासन ने पेनाल्टी से बचने पुनः अवसर प्रदान किया है। नगर पालिका ने लोगों को टैक्स एवं दुकान किराया पटाने के लिए आखिरी मौका दिया है। जिसमें आने वाले चार छुट्टियों के दिन भी कार्यालय नगर पालिका के टैक्स काउंटर खुले रहेंगे। लोग इस वित्त वर्ष के लिए 31 मार्च तक नगर पालिका का टैक्स जमा सकते हैं। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सलामे ने कहा है कि 31 मार्च तक टैक्स नहीं जमा करने वालों पर पेनाल्टी लगेगी। इतना ही नहीं आगे समय बढ़ने पर पेनाल्टी की दर भी बढ़ती जाएगी। दरअसल, समय के साथ पेनाल्टी की दर बढ़ती जाती है। अवकाश दिवस में भी काउंटर कार्यालय खोले जा रहे हैं और करदाताओं से अपील की गई है कि वे अपना संपत्ति कर, समेकित कर, जलकर, बाजार किराया, यूजर चार्ज आदि 31 मार्च 2025 तक जमा कर रसीद प्राप्त कर लें।

### स्वास्थ्य सुविधा को लेकर हुई बैठक



**महासमुंद।** शहर के वार्ड क्रमांक 28 के पार्षद विजय साव ने मौहारी भाठा स्थित हमर क्लिनिक में डॉक्टर एवं मितानिनों के साथ बैठक लेते हुए वार्डवासियों के स्वास्थ्य सुविधा के लिए विचार रखे। साथ ही दवाइयों की कमी पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मिलकर बात करने का आश्वासन दिया।

# पैथोलॉजी संचालक ने खल्लारी थाने के लिए दिए 4 बेरिकेड्स




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए मां सावित्री डिजिटल पैथालॉजी बागबाहरा के संचालक ललित कुमार चक्रधारी ने खल्लारी थाना को 4 नग बैरिकेड्स निःशुल्क प्रदान किए। ललित ने बताया कि दिन हादसे हो रहे हैं। हादसों का मुख्य वजह ओवर स्पीड तथा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाना है। पुलिस द्वारा समय-समय पर ओवर स्पीडिंग में कमी लाने व यातायात नियमों का पालन कराने जागरूकता अभियान चलाया जाता है। वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करें तो दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। उक्त बेरिकेड्स पुलिस थाना खल्लारी के प्रभारी शैलेंद्र नाग को सौंपा गया। टीआई नाग ने पैथालॉजी संचालक की पहल का सराहना करते हुए वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने अपील है।

# एसडीएम ने ली कोटवारों की बैठक, किसान पंजीयन की प्रक्रिया का प्रचार-प्रसार करने के लिए दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नम्रता चौबे की अध्यक्षता में तहसील के समस्त कोटवारों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य कोटवारों को किसान पंजीयन (फार्मर रजिस्ट्रेशन) की प्रक्रिया को प्रभावी रूप से गांवों में प्रचारित करने के लिए दिशा-निर्देश देना था। बैठक में एसडीएम चौबे ने कोटवारों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में मुनादी कराकर किसानों को फार्मर रजिस्ट्रेशन के प्रति जागरूक करें तथा अधिक से अधिक किसानों को इस प्रक्रिया से जोड़ने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि किसान पंजीयन से किसानों को शासकीय योजनाओं का लाभ मिल सकेगा, जिससे वे अपनी फसल का उचित समर्थन मूल्य प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कोटवारों से कहा कि वे गांव-गांव जाकर किसानों को इसकी महत्ता समझाएं और उन्हें आवश्यक दस्तावेजों के साथ पंजीयन कराने में सहयोग करें। इस दौरान तहसीलदार एवं अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### हिंदू नववर्ष, श्रीराम नवमी और हनुमान जन्मोत्सव पर होगा आयोजन

**सरायपाली।** युवा हिंदू समाज के कार्यकर्ता एवं विहिप बजरंग दल की व्यापारी महासंघ के साथ बड़ी बैठक हुई। जिसमें हर वर्ष हर्षोल्लास के साथ हिंदुओं का यह विशेष त्यौहार हिंदू नव वर्ष, रामनवमी और हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य कार्यक्रम किया जाता है। इस वर्ष भी हिंदू समाज के इन विशेष कार्यक्रम के लिए कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार के लिए विशेष बैठक आहूत की गई थी। जिसमें अनेक बिंदु पर चर्चाएं हुई। जिसमें से अनेक विषयों पर चर्चा की गई। इसमें हिंदू नव वर्ष से पहले पूरा सरायपाली को भगवामय किया जाएगा। प्रत्येक वार्ड की साज सज्जा झंडा तोरण लगवाने की व्यवस्था वार्ड के पार्षदों द्वारा की जाएगी। चौक चौराहे सजेंगे, प्रतिष्ठानों में हिंदू नववर्ष, रामनवमी और हनुमान जन्मोत्सव की मंगलकामनाएं एवं बधाई के पोस्टर लगेंगे। ऐसे और भी कई सारे बिंदु हैं, हिंदू नव वर्ष के दिन विशाल बाइक रैली का आयोजन प्रस्तावित है। रामनवमी के दिन भव्य शोभायात्रा आकर्षक श्रीराम दरबार झांकी एवं हनुमान जन्मोत्सव में संगीतमय सुंदरकांड भजन संध्या का कार्यक्रम होना है। जिसमें नगर के सभी नागरिक शामिल होंगे।

# नवनिर्वाचित नपा उपाध्यक्ष, पार्षदों ने की विधानसभा में मुख्यमंत्री से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू के नेतृत्व में नवनिर्वाचित नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी एवं भाजपा पार्षदों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन में प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, मंत्री केदार कश्यप, लक्ष्मी राजवाड़े सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों, विधायकों से मुलाकात किया। इस दौरान विशेष तौर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका मौजूद रहे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिला मुख्यालय के नगर पालिका में भाजपा के निर्वाचित 17 पार्षद होने के बाद उपाध्यक्ष देवीचंद राठी को 24 वोट मिले। विधानसभा में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात पश्चात प्रदेश भाजपा कार्यालय में क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, महामंत्री संगठन पवन साय से भी सभी ने मुलाकात की।



इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर पालिका उपाध्यक्ष देवी चंद राठी, सुनैना पप्पू ठाकुर, सीता डोडेकर, जरीना हाफिज कुरैशी, माखन पटेल, कल्पना सूर्यवंशी, नानू भाई हरबंश सिंह ढिल्लो, माधुरी यादव, प्रीति बदल मक्कड़, चंद्रशेखर बेलदार, भारती राजेंद्र चंद्राकर पवन पटेल, भाऊ राम साहू, पीयूष साहू, शुभ्रा शर्मा, धनेश्वरी सोनवानी, संदीप घोष, प्रकाश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# थाना परिसर में खड़ी कार में आग पुलिस की सजगता से बड़ी घटना टली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खमतराई थाना परिसर में खड़ी एक कार में आग लग गई। पुलिस की सजगता से आग पर तत्काल काबू पा लिया गया, जिसकी वजह से एक बड़ी घटना टल गई। चूक होने पर थाना परिसर में खड़ी अन्य गाड़ियों के साथ ही थाने की बिल्डिंग आग की चपेट में आ जाती। घटना शुक्रवार दोपहर की है।

खमतराई टीआई सचिन सिंह के मुताबिक दोपहर में पुलिस स्टाफ थाना के अंदर अपने काम में व्यस्त था। इस बीच थाना परिसर से एक पुलिसकर्मी ने धुंआ उठते देखा। बाहर निकलकर देखने पर एक कार धू-धू कर जल रही थी। कार जलने की जानकारी मिलने पर टीआई सहित पुलिस स्टाफ थाने से बाहर निकला। इस दौरान आग बुझाने के लिए मौके पर खड़े डॉयल-112 से अग्निशमन यंत्र को बाहर निकाला गया और कार के टायर में लगी आग को बुझाया गया।




## पेज 11 के शेष

### दुकान में लगी...

धुआ निकलता देख परिजन तथा पुलिस को सूचना दी। वही अचानक लगी आग के कारण पूरा सामान जलकर खाक हो गया। मौके फोरेंसिक टीम और पुलिस पहुंची और घटना स्थल की सूक्ष्मता से जांच की। फिलहाल दुकान में आग कैसे लगी यह जांच के खुलासे से ही पता लगेगा, वही मृतक का शव पलारी के मर्चुरी में रखा गया है, जहां रविवार को पोस्टमार्टम होगा।

### कांग्रेस ने सुमित्र ...

उन पर विश्वास व्यक्त करते हुए जो जिम्मेदारी सौंपी है उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगी तथा बुथ लेबल से लेकर जिला स्तर तक कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने के लिए सभी कांग्रेसजनो का सहयोग लेते हुए कार्य करूंगी। वहीं इस नियुक्ति पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, पूर्व नपाध्यक्ष विक्रम पटेल, सुभाष राव, संदीप साहू, मनोज प्रजापति आदि ने हर्ष जताया।

**खबर संक्षेप**

### नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान

**रायपुर।** ग्राम पंचायत उपरवारा अभनपुर में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी बहनों बीके सविता, बीके रामेश्वरी द्वारा नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा राजयोग अनुभूति के विषय में बताया गया। समारोह में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य संतराम साहू, सरपंच हेमा तुलाराम पंडेल, उप सरपंच जगमोहन साहू, साहू समाज उपरवारा के सचिव भागीरथी साहू, कोषाध्यक्ष व पंच प्रेमलाल साहू, दीनू साहू, अधिवक्ता लोकेंद्र कुमार साहू, रोमेंद्र साहू, शिवम साहू, जयप्रकाश देवांगन, शरद साहू, दीपेश साहू एवं समस्त पंच एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

### देवांगन समाज के प्रदेश युवा अध्यक्ष बने लक्ष्मी नारायण



**रायपुर।** देवांगन समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ ओमप्रकाश देवांगन और सहसचिव भीखम देवांगन की मौजूदगी मे समाज के पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से समाज के युवा सदस्य लक्ष्मी नारायण देवांगन को प्रदेश युवा अध्यक्ष बनाया है। प्रदेश युवा अध्यक्ष बनने पर लक्ष्मी नारायण देवांगन का सम्मान किया गया। साथ ही समाज के उत्थान में भागीदारी देना पहली प्राथमिकता होगी। आने वाले समय में प्रदेशभर में जिलेवार बैठक करके युवाओं की नई कार्यकारिणी में युवाओं की टीम तैयार की जाएगी। साथ ही समाज के लिए बेहतर काम करने वाले युवाओं को आगे लाया जाएगा।

### मेडिकल प्रवेश के लिए तीन वर्ष का आय प्रमाणपत्र नियम रद्द करने मुख्यमंत्री से मांग

**रायपुर।** मेडिकल प्रवेश के लिए पिछड़ा वर्ग क्रीमीलेयर से तीन साल के आय प्रमाणपत्र मांगने के नियम रद्द करने की मांग की गई है। छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कर्मचारी-अधिकारी संघ द्वारा इसे लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को ज्ञापन सौंपा गया है। सिस्मट ऑनलाइन होने के बाद लगातार तीन साल का आय प्रमाण पत्र बनना बंद हो गया है। संघ के अध्यक्ष अनिल सिन्हा, प्रांतीय महामंत्री राजेश चंद्राकर ने बताया कि तीन साल के आय प्रमाण पत्र की मांग अव्यवहारिक है।

# भारत माता वाहिनी ने शराब के खिलाफ छेड़ी मुहिम, निकाली रैली

## महिलाओं ने शासन-प्रशासन से गांव को नशा मुक्त बनाने में मदद की लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

भाटापारा ग्रामीण थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत टोनाटार में लंबे समय से देशी-विदेशी एवं महुआ शराब की अवैध बिक्री खुलेआम जारी है। गांव में खुलेआम मिल रही शराब के चलते इसके गिरफ्त में आकर गांव के ग्रामीण युवा नशे की लत में अपनी जिंदगी को तबाह कर रहे हैं। वहीं उनके घर की आर्थिक स्थिति तेजी से बिगड़ रही है। गांव का माहौल लगातार खराब होते देख व खासकर युवाओं को शराब की लत से बचाने भारत माता वाहिनी की महिलाओं ने कमर कस ली है। भारत माता वाहिनी के अध्यक्ष मंजू वर्मा, सचिव लक्ष्मी वैष्णव, कोषाध्यक्ष सरस्वती वर्मा एवं उनके सदस्य सुभद्रा रजक, शिवकुमारी ध्रुव, रमा ध्रुव, मिथिला ध्रुव, राधिका ध्रुव, जमुना बाई, लक्ष्मी वर्मा सहित अन्य कई महिलाओं ने गांव को नशा मुक्त बनाने मुहिम छेड़ी है। भारत माता वाहिनी के अध्यक्ष मंजू वर्मा ने अपनी समूह की मीटिंग ली।

भारत माता वाहिनी के अध्यक्ष मंजू वर्मा, सचिव लक्ष्मी वैष्णव एवं अन्य महिलाओं का कहना है कि नशा आज हमारे समाज और गांव के लिए एक गंभीर समस्या बन चुकी है, जिसके कारण बहुत से युवाओं का जीवन बर्बाद हो रहा है। महिलाओं ने गांव में खुलेआम बिक रही शराब को बंद कराने शासन प्रशासन से मांग की है।




#### नशा पान से दूर रहने समझाइश दी

मीटिंग में सभी ने एक मत होकर गांव को नशा मुक्त बनाने का निर्णय लिया। बैठक के बाद भारत माता वाहिनी के महिलाए ग्राम कोटवार और गांव के प्रबुद्ध नागरिकों के सहयोग से रात में प्रतिदिन गलियों में रैली निकालते हुए लोगों को नशा पान से दूर रहने समझा रही है। महिलाएं तो अपना काम बखूबी निभा रही हैं, किंतु गांव में अशांति फैलाने की नीयत से शराब कोचिया अभी भी गांव में शराब बेच रहे हैं। ऐसे में महिलाओं ने शासन प्रशासन से गांव को नशा मुक्त बनाने की मुहिम में मदद की गुहार लगाई है।

## कथा : नगर में पं. सुरेश कुमार की शिव पुराण कथा जारी

# शिवपुराण कथा में रुद्राक्ष, भस्म, लिंग पूजा और बेलपत्र की बतायी महिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा





शिव पुराण कथा के दूसरे दिन पं. सुरेश कुमार शर्मा ने लिंग पूजा की महिमा बतायी। भगवान भोलेनाथ की निष्कल अर्थात निराकार, सकल अर्थात साकार और लिंग पूजा, इन तीनों में लिंग पूजा का बड़ा महत्व होता है। सतयुग में एक बार ब्रह्माजी और विष्णुजी शिवलिंग का दर्शन करके भ्रमित हो गए। विष्णुजी शुकर का रूप धारण किये और ब्रह्माजी हंस रूप धारण कर दोनों ने शिवलिंग के आदि और अंत का पता लगाने निकल पड़े। ब्रह्माजी आकाश मार्ग में हंस रूप में गए और विष्णु जी शुकर रूप में समुद्र तल में चले गए। ब्रह्मजी ने केकती के पुष्प को गवाह बनाकर झूठ बोल दिये कि मैं शिवलिंग की अंतिम छोर का पता लगा लिया। शिवजी केकती पुष्प के ऊपर क्रोधित हो गई और उसे श्राप दिये तुम मेरी पूजा से दूर हो जाओगे। तब केकती पुष्प निराश हो गए और मुक्ति का उपाय पूछा, तब भोलेनाथ ने कहा जहां पर मेरी कथा होगी, वहां पर तुम्हारा पुष्प या डाल, पत्ता को लगाकर सिरमौर रूप में बिराज मान रहेगा। तभी शिव पुराण की कथा सफल होगी। सृष्टि उत्पन्न के समय ब्रह्माजी के पांच सिर थे, जिसमें ऊपर वाले सिर को शिवजी अपने शस्त्र से काट दिए और वहीं पांचवा सिर ब्रह्माजी का बट वृक्ष बने। इसीलिए बट वृक्ष को ब्रह्मदेव कह कर प्रणाम करते हैं। शिवलिंग कोई भी रत्न सोने, चांदी, पारा, संगमरमर पत्थर इत्यादि का बना करपूजन किया जा सकता है। मगर पार्थिव शिवलिंग मिट्टी का बना हुआ सर्वोत्तम कहा गया है। सतयुग में रत्नों की लिंग पूजा, त्रेता युग में सोने की, द्वापर युग में पारे की और कलयुग में मिट्टी शिवलिंग पार्थिव लिंग की पूजा उत्तम बतायी गयी है। देसी गाय के गोबर जो प्रत्यक्ष धरती से लगा हुआ उसके कण्डे के साथ समी फुडहर, बेल, धतुरा पौधे की जड़ को जलाकर भस्म तैयार किया जाता है। और भस्म को पूरे शरीर में लेप कर मस्तक में त्रिपुण्ड लगाने से मनुष्य शिव तत्व हो जाता है।

#### बिल्व के फल में 1600 गुण मौजूद होता है

एक बार भगवान भोलेनाथ की आंखों से अश्रु की बूंदे टपकी जो रुद्राक्ष का वृक्ष बन गया। रुद्राक्ष एक से लेकर चौदह मुखी तक के होते हैं। एक मुखी रुद्राक्ष को सर्वोत्तम कहा गया है। रुद्राक्ष को पानी में डूबा कर सवेरे खाली पेट पीने से अनेक प्रकार की बीमारी दूर होती है। रुद्राक्ष स्वयं भगवान शिव स्वरूप होता है। एक बार माता लक्ष्मी भगवान विष्णु से रूष्ट होकर बद्रिकाधाम चली गई और वहां कठोर तपस्या करने लग गई। शिवजी माता लक्ष्मी पर प्रसन्न हो गए, क्योंकि नित्य प्रति माता लक्ष्मी एक सौ आठ पार्थिव शिवलिंग की पूजा करती थी। उन लिंगों के बीच में बिल्व वृक्ष के रूप में भोलेनाथ प्रकट हो गए। इसीलिए बिल्व पत्र की बड़ी महिमा बताई गई है। बिल्व पत्र चढ़ाने से भगवान भोलेनाथ तीन जन्म के पाप को दूर कर देते हैं, बिल्व के फल में 1600 गुण मौजूद होता है जो पेट विकार को दूर करता हैं।

#### गनियारी में मानसगान 25 से

**खरोरा।** ग्राम गनियारी में इस वर्ष भी श्रीराम मानस मंडली के तत्वावधान में 25 से 27 मार्च तक त्रिदिवसीय मानसगान सम्लेन का आयोजन रखा गया है। इसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के ख्यातिप्राप्त मानस मंडलियों द्वारा रामकथा की प्रस्तुति दी जावेगी। कार्यक्रम के प्रथम दिवस 25 मार्च को गरियाबंद, बालोद, रायपुर, चिरपोटी भखारा मानस मंडली एवं 26 मार्च को कुरुद, बागबाहरा, बिरकोनी, फिंगेश्वर तथा 27 मार्च को मोकिमपुर, मगरलोड, कवर्धा, भाखरा की मानस मंडली द्वारा संगीत के माध्यम से राम कथा प्रस्तुत की जावेगी। कथा प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से रात्रि 9.30 बजे तक निर्धारित ह।

#### रानीपतरेवा में रामचरित मानस महायज्ञ जारी

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम रानीपरतेवा में समस्त ग्रामवासी एवं कृपा प्राप्त शिष्यों द्वारा 21 मार्च से 24 मार्च दितक तीन दिवसीय श्री रामचरित मानस महायज्ञ सद्गुरुदेव श्री श्री 108 संत श्री सिया भुनेश्वरी शरण व्यास जी महाराज परम पुज्य गुरुदेव जी ब्रह्मलिन के सुक्ष्म सानिध्य में कृपा पात्र शिष्य महामंडलेश्वर संत श्री सिया गोवर्धन शरण व्यास जी सिरकट्टी आश्रम कुटेना के द्वारा महायज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसका शुभारंभ 21 मार्च को संध्या चार बजे से कलश शोभायात्रा से प्रारंभ किया गया। शनिवार को यज्ञ प्रारंभ सुबह 7:00 बजे एवं दोपहर में भजन कीर्तन कीर्तनकार जगदीश प्रसाद, चंद्रहास, भगवान दास जी बिगेन्द्र दास बृजमोहन दास के द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है। तथा रात्रि काली कार्यक्रम पंडवानी का आयोजन होना है। वहीं तृतीय दिवस 23 मार्च को यज्ञ प्रारंभ सुबह 7:00 बजे भजन कीर्तन कथा वाचक संत रामसेवक शरण महाराज, संत मिथिला शरण महाराज, श्रीसंत रामानंद शरण महाराज तथा संत समर्पण शरण महाराज के द्वारा किया जावेगा।

# उत्तरप्रदेश और उड़ीसा के किसानों ने जिले के फिश फार्म का किया भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- मत्स्य किसानों को परिपक्व मत्स्य प्रजनकों की पहचान एवं रख–रखाव सहित निरोगी रखने के बताए उपाय

जिला के ग्राम रामपुर स्थित प्रदेश का एक मात्र मोनो सेक्स तिलापिया हेचरी एमएम फिश सीड कल्टीवेशन प्राइवेट लिमिटेड फिश फार्म का उत्तरप्रदेश एवं उड़ीसा के किसानों ने भ्रमण किया। किसानों ने मोनो सेक्स तिलापिया प्रजाति की मछली बीज स्पान का उत्पादन, वृहद एवं मध्यम आरएएस, मतिन–मण्डल एक्वाटेक जैनेटिक्स केन्द्र एवं कलस्टर में निर्मित नर्सरियों में मत्स्य बीज फाई एवं फिंगरलिंग उत्पादन एवं मत्स्य कल्चर का अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान मत्स्य किसानों को परिपक्व मत्स्य प्रजनकों की पहचान एवं रख–रखाव सहित निरोगी रखने के उपाय बताए गए। सहायक संचालक मत्स्य ने बताया कि लगभग 90–100 एकड़ में विकसित एमएम फिश सीड कल्टीवेशन फिश फार्म का उत्तर प्रदेश एवं उड़ीसा से आये 50 प्रगतिशील मत्स्य किसानों को भ्रमण कराया गया। इस फार्म से मोनो सेक्स तिलापिया प्रजाति की मछली बीज को छत्तीसगढ़, उड़ीसा, केरल, उत्तरप्रदेश, झारखण्ड, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान राज्यों में विक्रय किया जाता है। किसानों को विकासखंड सिमगा के ग्राम बैकोनी में रायपुर– बिलासपुर रोड हाईवे पर स्थित मछली चारा फर्म मण्डल एक्वाटेक प्राइवेट लिमिटेड का भ्रमण किया गया। यहां किसानों को फिश फीड के कम्पोजिट घटक, फिश फीड का महत्व तथा विभिन्न प्रोटीन प्रतिशत के फिश फीड के विषय में जानकारी दी गई। फिश फीड फैक्ट्री में लगभग 150 मे. टन फिश फीड का उत्पादन कर स्थानीय एवं आसपास के राज्यों के मत्स्य किसानों को विक्रय किया जाता है।

### गोदावरी इस्पात ने गोद लिए 60 टीबी मरीज

**रायपुर।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत जनभागीदारी के तहत प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत गोदावरी पॉवर एवं इस्पात द्वारा धरसींवा विकासखंड के 60 टीबी मरीजों को गोद लेकर पोषण आहार प्रदान किया गया। इस उपलक्ष्य में डॉ. अविनाश चतुर्वेदी जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी द्वारा हीरा ग्रुप के प्रति आभार व्यक्त किया गया एवं इस अवसर सभी टीबी से ग्रसित मरीजों को पूरा कोर्स लेने के संबंध में प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में गोदावरी पॉवर प्लांट से सीएसआर एजीएम योगिता, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम से जिला सलाहकार अमन दास आनंद उपस्थित रहे।

## आभार रैली निकाल कर जामवंती ने लोगों का लिया आशीर्वाद



**पलारी।** जनपद पंचायत पलारी के क्षेत्र क्रमांक 4 के नवनिर्वाचित जनपद सदस्य जामवंती नीलकमल साहू ने ग्राम दतान में आभार रैली निकालकर लोगों का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने का वचन दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि वह हर स्थिति में लोगों के साथ खड़ी रहेंगी और उनके सुख–दुःख में साथ निभाएंगी। रैली में जनपद पंचायत पलारी की नवनिर्वाचित अध्यक्ष साविता भीम यादव सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग शामिल हुए। इस मौके पर ग्राम पंचायत दतान के डॉ. पुसराम साहू, बिसाहू राम साहू, राम सिंह साहू, राम लाल साहू केशव राम साहू डॉ. हेमंत साहू, हेमकुमार साहू, गिरीश साहू, पूर्व सरपंच महेश बारले, वेद प्रकाश वर्मा, पूर्व सरपंच बिमला बारले डॉ. केजू राम साहू, आनंद राम रजक बंदे साहू रजऊ यादव हेमंत साहू , घनश्याम साहू, लेख राम साहू, कमलेश साहू, नंद कुमार शर्मा, पुना राम साहू, उप सरपंच नरोत्तम यादव, लाल कुमार यादव, जीवन, मनोज, ईश्वर, हेमलाल, गोपी, पुरन, नमेश्वर, चेतन, संतोषी,भगतीन बाई, जगर बाई, सुखम बाई, कमलेश्वरी, सविता, श्वेता, प्रेमिन, मोंगर, सीमा, कल्पना, शांति, ऋतु, निर्मला, राधा भुनेश्वरी, टेमिन फेकर आदि लोग मौजूद थे।

## बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आंकलन परीक्षा में शामिल होने बीईओ ने कई गांवों में दिया न्योता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय व्यापी महापरीक्षा अभियान बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आंकलन परीक्षा रविवार को होगी। इसमें शिक्षार्थियों को शामिल होने विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत भरसेला बड़ा, गैतरा एवं रवान में घर–घर जाकर आमंत्रण पर्ची, पीला चावल, पुष्प देकर न्योता दिया। सभी शिक्षार्थियों को इस महापरीक्षा अभियान में शामिल होने आह्वान किया। शिक्षार्थियों को समय एवं परीक्षा की जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान संकुल समन्वयक शशिकांत राणा, ग्राम प्रभारी कमलेश सेन, जागेश्वरी वर्मा एवं संतोषी ध्रुव के साथ सभी ग्रामों के शिक्षक शिक्षिकाएं तथा स्वयंसेवी शिक्षक उपस्थित थे।

## पूर्व सांसद बृजभूषण का भाजपाइयों ने किया स्वागत



**कसडोल।** उत्तरप्रदेश के कैसरगंज से पूर्व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह का शनिवार को शिवरीनारायण प्रवास के दौरान बलौदाबाजार जिले के कसडोल आगमन हुआ। इस दौरान श्री सिंह का कसडोल मंडल अध्यक्ष सुदीप मानिकपुरी के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। श्री सिंह ने स्थानीय रेस्ट हाउस में भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और नगर पंचायत कसडोल के भाजपा के विजयी प्रत्याशियों को बधाई दी। मीडिया से चर्चा के दौरान श्री सिंह ने कहा कि आज भगवान श्रीरामजी के ननिहाल माता कौशल्या के मायके शिवरीनारायण सदगुरु दर्शन करने आया हूं। किसी प्रकार की कोई राजनीतिक कार्यक्रम में नहीं आया हूं। आज यहां भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात किया हूं। सबको अयोध्या के लिए आमंत्रित कर रहा हूं। सब अयोध्या आये और प्रभु श्रीरामजी का दर्शन करें।

## आदिनाथ दिगम्बर जैन समाज के नये पदाधिकारियों का चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

दिगम्बर जैन समाज सिमगा के संत भवन में नये पदाधिकारियों के चयन के लिए गत दिनो बैठक रखी गई। बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष सुलभ जैन, संरक्षक सिघई विरेन्द्र जैन, प्रदीप जैन, उपाध्यक्ष अकलंक जैन, आकाश जैन, कोषाध्यक्ष शांतिलाल जैन, सचिव अभिषेक जैन, सांस्कृतिक प्रभारी पियूष जैन, आलोक जैन, मुख्य सलाहकार विजय जैन, मीडिया प्रभारी सतीश जैन को चुना गया।

टैक्सी चाहिए
हरिभूमि समाचार पत्र में रात्रि पेपर पार्सल ले जाने हेतु तूफान, बोलेरो, क्रूजर, टाटा एस की आवश्यकता है।
बलौदाबाजार से बिलाईगढ़-सरसींवां
संपूर्ण कागजात के साथ प्रसार विभाग में संपर्क करें।
हरिभूमि
कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

online Booking:-www.tripuryatra.com


By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 03 मई, 12 मई,16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें-
7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport